मध्य प्रदेश शासन
गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

//आदेश//

भोपाल, दिनांक 28/02/2018

कमांक एफ–1(बी)40/2017/बी–4/दो ::– इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 26.10.2017 द्वारा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पद पर लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती से मुख्य सूची (वरीयता कमांक–224) से चयनित एवं नियुक्त **श्री राजेन्द्र बर्मन, ग्राम–भुवादा, पोस्ट–कुवाड़, तहसील– मनावर, जिला–धार, म.प्र.** द्वारा दिनांक 06.11.2017 को कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी, रतलाम में कार्यभार ग्रहण किया गया। इन्होंने जिला लोक अभियोजन अधिकारी रतलाम के माध्यम से संचालक, लोक अभियोजन, मध्यप्रदेश को दिनांक 07.02.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर यह लेख किया कि इनका चयन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2 के पद पर हो गया है। गृह विभाग के समसंख्यक नियुक्ति आदेश दिनांक 26.10.2017 की कंडिका–6 के प्रावधान अनुसार इन्होनें एक माह का वेतन चालान के माध्यम से शासकीय कोषालय में जमा करा दिया है। अतः दिनांक 07.02.2018 से इनका त्यागपत्र स्वीकृत कर इन्हें पदमुक्त करने का अनुरोध किया है। अन्य कोई देय राशि शेष रहने की स्थिति में सूचना प्राप्त होने पर इनके द्वारा नियमानुसार राशि जमा करा दी जायेगी।

2/– संचालक , लोक अभियोजन, मध्यप्रदेश, के पत्र कमांक/लोक अभि.संचा./स्थापना/156/2018 भोपाल दिनांक 26.02.2018 द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार श्री राजेन्द्र बर्मन, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रतलाम द्वारा त्यागपत्र देने के बाद वसूली योग्य राशि के रूप में शासकीय कोषालय में दिनांक 15.02.2018 द्वारा राशि रूपये– 38,010/– जमा कर दी गई है।

3/– श्री राजेन्द्र बर्मन, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रतलाम, के पद पर नियुक्ति एवं पदस्थापना हेतु जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 26.10.2017 की कंडिका–6 में निहित प्रावधानों के तहत इन्होनें एक माह का वेतन राशि रूपये 38,010/– (रूपये अडतीस हजार दस केवल) जमा करा दी है।

4/— अतः राज्य शासन एतद्द्वारा **श्री राजेन्द्र बर्मन, ग्राम—भुवादा, पोस्ट—कुवाड़, तहसील— मनावर, जिला—धार, म.प्र.** का, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पद से दिनांक 07.02.2018 से त्यागपत्र स्वीकृत किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
28.2.18
(श्री दास)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग

पृ. क्रमांक एफ—1(बी)40/2017/बी—4/दो, भोपाल दिनांक 28/02/2018
प्रतिलिपि :—

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग।
2. विशेष सहायक, मान.मंत्रीजी, गृह, मध्यप्रदेश शासन।
3. संचालक, लोक अभियोजन भोपाल।
4. महालेखाकार, म.प्र. ग्वालियर ।
5. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर।
6. जिला अभियोजन अधिकारी रतलाम।
8. संबंधित अधिकारी— **श्री राजेन्द्र बर्मन, ग्राम—भुवादा, पोस्ट—कुवाड़, तहसील— मनावर, जिला—धार, म.प्र.**

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

28.2.18
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग